ont>

Title: Need to provide financial assistance to the sugarcane Growers of Bihar whose crops have been affected by drouhgt.

श्री रामजीवन सिंह (बलिया, बिहार) : महोदय, बिहार में गन्ना उत्पादक कृाक कई वार्ों से बी.ओ. प्रभेद 128 नामक गन्ना को लगा रहे थे। पिछले वार्ों में उसका उत्पादन काफी अच्छा था, किंतु इस वर्ा इस प्रभेद का गन्ना बिल्कुल सूख गया है। अब वह मात्र जलावन के लायक रह गया है। हसनपुर शुगर मिल्स एरिया में अधिकतर कृाकों ने इसी प्रभेद के गन्ना को लगाया था। गन्ना के सूख जाने के कारण लागत मूल्य एक प्रतिशत भी वापस होने की स्थिति में नहीं रहा है। किसानों में हाहाकार मचा हुआ है।

अतः भारत सरकार से मेरा अनुरोध है कि विशोज्ञ भेजकर सूखे के कारण का पता लगाया जाए, गन्ना-सूखा-प्रभावित किसानों को उपयुक्त मुआवजा दिया जाए, कम सूद दर पर ऋण देने की व्यवस्था की जाए तथा अगली खेती करने के लिए तुरंत अच्छे प्रभेद के गन्ना बीज की आपूर्ति कराई जाए।